## संपादकीय

# रियलिटी चेक जरूरी है

इस उपलब्धि की घड़ी में भी इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि निर्माण प्रक्रिया में लगभग 18 साल लग गए। इस अवधि में चीन हमसे काफी आगे निकल चुका है। भारतीय नौ सेना में दूसरे विमानवाहक जंगी जहाज- विक्रांत का शामिल होना निश्चित रूप से एक ऐसा मौका है, जिससे हर भारतीय पहले की तुलना में अधिक आश्वस्त रहेगा। अफसोसनाक यह है कि आज के ध्रुवीकृत भारत में चाहे उपलब्धि हो या विफलता- किसी बात साझा सुख या दुख का माहौल नहीं बनता। हर मौके पर दो कथानक उभर आते हैं। विक्रांत के नौसेना में शामिल होने का मौका भी इसका अपवाद नहीं रहा। इन स्थितियों के लिए बेशक एक बड़ी वजह वर्तमान सरकार की यह सोच है कि भारत की कथा असल में 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत के बाद शुरू होती है। उसके पहले कुछ नहीं था। वरना, प्रधानमंत्री मोदी विक्रांत को "आत्म-निर्भर भारत" की उपलब्धि बताने के बजाय यह बताते कि इसके निर्माण को हरी झंडी पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने दी थी। पूर्व मनमोहन सिंह सरकार के समय इसका जलावतरण हो गया था। अब इसे नौसेना को सौंपा गया है। बहरहाल, इस उपलब्धि की घड़ी में भी इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इस सारी प्रक्रिया में लगभग 18 साल लग गए।

नौसैनिक मामलों में भारत का मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन है। वह इस अवधि में हमसे काफी आगे निकल चुका है। इस हकीकत से वाकिफ होने के लिए इस तथ्य पर ध्यान देना काफी होगा कि चीन के पास कुल 355 जहाज हैं, जबकि भारत के पास सिर्फ 44 हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक चीन के पास तीन विमानवाहक जहाज, 48 डिस्ट्रॉयर, 43 फ्रिगेट और 61 कोर्वेट हैं। भारत के पास 10 डिस्ट्रॉयर, 12 फ्रिगेट और 20 कोर्वेट हैं। जाहिर है, विक्रांत के भी नौसेना में भर्ती किए जाने के बावजूद भारत अभी चीन से युद्ध के लिए तैयार अवस्था में नहीं है। फिलहाल, विक्रांत के पास अपने लड़ाकू विमान नहीं होंगे। इसलिए भारत के पास अभी मौजूद जंगी जहाज विक्रमादित्य से हटा कर विमानों को उस पर तैनात किया जाएगा। विक्रांत के लिए करीब 24 विमान खरीदे जाने हैं। लेकिन कॉन्ट्रैक्ट अभी तक दिया नहीं गया है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि भारत में अलग-अलग निर्णय लेने की प्रक्रिया के कारण विमानों का चयन जहाज की परियोजना से अलग हो गया।

# हरित ऊर्जा वैल्यू चेन पर अदाणी समूह करेगा 70 अरब डॉलर का निवेश : गौतम अडानी

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले अदाणी समूह जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान को कम करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत हरित ऊर्जा वैल्यू चेन के निर्माण परप 70 अरब डॉलर का निवेश करने की तैयारी कर रहा है।



अदाणी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने आज यहां यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित इंडिया आइडियाज शिखर सम्मेलन में यूएसआईबीसी ग्लोबल लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि पहला और सबसे महत्वपूर्ण, जलवायु परिवर्तन है। विकसित राष्ट्रों द्वारा विकासशील देशों का समर्थन करने के बारे में बहुत सारी बातें हुई हैं, लेकिन इस क्षेत्र में तत्काल भागीदारी के संदर्भ में और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। हमारे ग्रह को ठंडा करना, समान रूप से आवश्यक है और यह अगले कई दशकों में सबसे अधिक लाभदायक व्यवसायों में से एक हो सकता है। यूएस क्लाइमेट बिल को कानून में हस्ताक्षर करने के साथ, हमारे दोनों देशों को इस बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन से लाभान्वित होने के लिए, एक तंत्र खोजना होगा। सरकारों ने अपने हिस्से का काम किया है, अब व्यवसायों का काम सहयोग करने का तरीका खोजना है।

उन्होंने कहा इस प्रयास के लिए उनका समूह पहले ही 70 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जता चुका है। यह हमें भारत में तीन गीगा फैक्ट्रियों का निर्माण करने में मदद करेगा, जो दुनिया की सबसे इंटीग्रेटेड ग्रीन-एनर्जी वैल्यू चेन्स में से एक है। यह पॉलीसिलिकॉन से सौर मॉड्यूल तक, विंड टर्बाइन के पूर्ण निर्माण और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण तक फैला होगा। परिणामस्वरूप, हम अपनी मौजूदा 20 जीडब्ल्यू क्षमता के साथ-साथ 3 मिलियन टन हाइड्रोजन जोड़ने के लिए अतिरिक्त 45 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेंगे, जो सभी 2030 से पहले पूरे हो जाएंगे। यह वैल्यू चैन, हमारे देश की जिओपॉलिटिकल जरूरतों के साथ, पूरी तरह से स्वदेशी और पंक्तिबद्ध होगी। हालांकि, मेरा मानना है कि हम अमेरिका में उन कंपनियों के समर्थन से अपने लक्ष्यों को और तेज कर सकते हैं जो हमारे साथ काम करने को तैयार हैं। हम दोनों लाभ के लिए खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि इसके बाद सेमीकंडक्टर क्षेत्र है। हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए सेमीकंडक्टर आवश्यक हैं। रुस यूक्रेन के बीज जारी युद्ध ने ही इस मान्यता को गति दी है। पूंजीवाद का विरोधाभास यह है कि भारत लाखों इंजीनियरों के लिए सबसे अच्छा वैश्विक पूल बना हुआ है, विशेष रूप से अमेरिकी कंपनियों के लिए, लेकिन व्यवसायों के लिए प्राथमिक मूल्यवर्द्धि, भारत के बाहर होती है। सेमीकंडक्टर उद्योग दुनिया में कहीं और की तुलना में भारत में अधिक इंजीनियरों के साथ एक उत्कृष्ट उदाहरण है, लेकिन बावजूद इसके, भारत में कोई सेमीकंडक्टर प्लांट नहीं है। भारत ग्लोबल सप्लाई चैन पर निर्भर नहीं रह सकता है जो सेमीकंडक्टर राष्ट्रवाद पर आधारित हैं और उन्हें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ अमेरिकी समर्थन की आवश्यकता होगी।

श्री अदाणी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का उल्लेख करते हुये कहा हमने देखा कि जिस तरह से कोविड-19 महामारी के दौरान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं ने अपनी जगह बनाई और टीकों की उपलब्धता वोटों और पूंजीवाद का खेल बन गई। डिग्लोबलाइजेशन शब्द को महामारी के परिणामस्वरूप हुए विभाजनों के कारण प्रमुखता मिली है। यह देखते हुए कि यह अविश्वास पैदा करता है, हमें इसे फिर कभी नहीं होने देना है। हमारे देशों के बीच वैक्सीन सहयोग हमारी प्राथमिकता सूची में उच्च होना चाहिए और इसे पारस्परिक ढंग से लाभकारी तरीके से औपचारिक रूप देने की आवश्यकता है। इसी तरह, रक्षा और साइबर दो महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जिन पर अमेरिका और भारत को काम करना चाहिए।

## अबु धाबी में होगा पहला हीरो कप गोल्फ टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** डीपी वर्ल्ड टूर ने हीरो कप की घोषणा की। टूर्नामेंट में एक नई टीम मैच खेलेगी, क्योंकि उनका उद्देश्य यूरोपीय खिलाड़ियों को प्रारूप में अनुभव देना है। इसका आयोजन 13 से 15 जनवरी, 2023 से अबु धाबी गोल्फ क्लब में होगा।

ब्रिटेन और आयरलैंड और कॉन्टिनेंटल यूरोप के खिलाड़ियों वाली दो दस-सदस्यीय टीमों का चयन टीम के दो कप्तानों द्वारा किया जाएगा, जो नियत समय में अपने टूर्नामेंट की अध्यक्षता करेंगे।

डोनाल्ड अबू धाबी में दोनों टीमों के साथ काम करेंगे और तीन दिनों में मैचों पर कड़ी नजर रखेंगे, जिसमें प्रतियोगिता में चार गेंदों का एक सत्र और एकल मैचों का एक सत्र शामिल होगा, जिसमें सभी 20 मैच होंगे। प्रत्येक सत्र में खिलाड़ी भाग लेंगे।

उन्होंने कहा, जब मैं राइडर कप कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था, तो पहली चीजों में से एक यह था कि भविष्य के राइडर कप खिलाड़ियों, उप-कप्तानों और कप्तानों को खेलने और नेतृत्व का अनुभव देने के लिए एक टीम मैच खेलने की प्रतियोगिता को बहाल करना था।

## नेक्स्ट-जेन हेक्टर के इंटीरियर डिजाइन कॉन्सेप्ट का अनावरण

**गुरूग्राम ।** एमजी मोटर इंडिया ने जल्दी ही लॉन्च होने जा रही नेक्स्ट-जेन हेक्टर का एक और टीजर आज लाँच किया जिसमें इस वाहन की परिकल्पना 'सिम्फनी ऑफ लक्जरी' के तौर पर की गई है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसका इंटीरियर सिनेमाई और शानदार अनुभव देने के लिये डिजाइन किया है, जिसे मांग के आधार पर किया जाने वाला हैंडक्राफ्टेड टेक्सचर, कोमल स्पर्श वाली टैक्टाइल और बहुपयोगी परिवेश इसकी खूबसूरती को और बढ़ाते हैं।



ब्रश्ड मेटल फिनिश के साथ ड्युअल टोन ओक व्हाइट एण्ड ब्लैक इंटीरियर सुनिश्चित करता है कि नेक्स्ट जेन हेक्टर का केबिन लक्जरी का एहसास दे और कॉकपिट जैसा कंसोल इस अनुभव को और बेहतर बनाता है। इसके अलावा, लेदर कवरिंग वाला नया इंस्ट्रूमेंट पैनल क्षैतिज रेखाओं के साथ डिजाइन किया गया है और डोर पैनल से निकलकर फ्रंट कैबिन की जगह बनाता है, जिसके इर्द-गिर्द विंग्सपैन है। एसी वेंट्स पर क्रोम ट्रिम नेक्स्ट-जेन हेक्टर में पेश की जाने वाली उत्कृष्ट लग्जरी को और खूबसूरत बनाती है।

इसमें 14-इंच का एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम नेक्स्ट-जेन आई-स्मार्ट टेक्नोलॉजी से समर्थित है। टेक्नोलॉजी और लक्जुरियस इंटीरियर को आसानी से मिलाने वाली नेक्स्ट-जेन हेक्टर में सुविधा को और बढ़ाने के लिये वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले भी होगा।

# रोमांचक मुकाबले में आपस में भिड़े पाक और अफगान के खिलाड़ी

**नईदिल्ली।** एशिया कप के सुपर-4 में पाकिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को एक विकेट से हराया. अफगानिस्तान के दिए गए महज 130 रनों का पीछे करने उतरी पाकिस्तान टीम को जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी. आखिरी ओवर तक मैच अफगानिस्तान के मुठ्ठी में लग रहा था, लेकिन नसीम शाह ने दो गेंदों पर दो छक्के लगाकर अफगानिस्तान से जीत छीन लिया. मैच के आखिरी दो ओवर में इतना रोमांचक था कि पाकिस्तान के बल्लेबाज और अफगानिस्तान के गेंदबाज आपस में भिड़ गए. यहां तक की हाथापाई की भी नौबत आ गई. मामला इतना बढ़ गया कि खिलाड़ियों और अंपायर्स को भी बीच बचाव के लिए आना पड़ा.



दरअसल यह वाकया उस दौरान हुआ जब पाकिस्तान की पारी का 19वां ओवर चल रहा था और आसिफ अली बल्लेबाजी कर रहे थे. फरीद अहमद की पांचवी गेंद पर आसिफ अली ने शानदार छक्का जड़ दिया. इसके अगले ही गेंद पर फरीद ने आसिफ अली को शार्ट फाइन लेग पर खड़े करीम जनत के हाथों कैच आउट करा दिया. जिसके बाद अफीद आसिफ के आगे जाकर हाथ दिखाकर विकेट सेलिब्रेट करने गए. इसके बाद असिफ उनसे भिड़ गए. आसिफ अली फरीद पर हाथ उठाते हुए नजर आए और फिर बल्ला भी दिखाया. उसके बाद फरीद अहमद उनसे सीना जोरी भी करने लगे. मामला इतना बढ़ गया कि बाकी खिलाड़ियों और अंपायर को बीच बचाव में आना पड़ा.

आसिफ अली के आउट होते ही पाकिस्तान के सर पर हार का बादल मंडराने लगा. पाकिस्तान को जीत के लिए 7 गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी और 9 विकेट गिर चुके थी. मैदान में नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन बल्लेबाजी के क्रीज पर थे. 19वें ओवर के आखिरी बॉल पर नसीम शाह ने एक रन लेकर स्ट्राइक अपने पास रखी और 20वें ओवर के पहली दो गेंदों पर दो छक्के जड़ पाकिस्तान को 1 विकेट से जीत दिला दी. नसीम शाह ने 4 गेंदों पर 14 रनों की नाबाद पारी खेली.

## विश्व कप के लिए 95 प्रतिशत टीम तय है : रोहित



**दुबई।** एशिया कप में जल्दी बाहर होने की कगार पर खड़ी भारतीय क्रिकेट टीम को लचर प्रदर्शन के कारण आलोचकों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्वकप के लिए टीम लगभग तय हो चुकी है। अस्वस्थ आवेश खान और चोटिल रविंद्र जडेजा की अनुपस्थिति में भारत के पास भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के रूप में केवल दो अग्रणी तेज गेंदबाज मौजूद हैं। हार्दिक पंड्या तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प हैं।

आक्रमण में धार नहीं होने के कारण भारत को एशिया कप सुपर चार में पाकिस्तान और श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय गेंदबाज क्रमश: 181 और 173 रन का बचाव नहीं कर पाए थे। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद कहा, विश्वकप के लिए हमारी 90 से 95 प्रतिशत टीम तय है। कप्तान ने कहा कि वह एशिया कप में कुछ प्रयोग करना चाहते थे और यह देखना चाहते थे कि चार विशेषज्ञ गेंदबाजों का उपयोग करने पर क्या होता है।

रोहित ने कहा, जब आप प्रयोग की बात करते हैं तो हम कुछ चीजें आजमाना चाहते थे। अगर आप एशिया कप से पहले हमारे संयोजन को देखें तो हम चार तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ खेल रहे थे। इसमें दूसरा स्पिनर ऑलराउंडर था।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा प्रयास करना चाहता हूं और यह देखना चाहता हूं अगर हम तीन तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ खेलते हैं तो क्या होता है। इनमें तीसरा स्पिनर ऑलराउंडर होगा। हम अभी इसकी जवाब की तलाश में हैं।

टीम प्रबंधन विशेष तौर पर यह देखना चाहता था कि हार्दिक तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में टीम संयोजन में फिट है कि नहीं। रोहित ने कहा, मैं विश्वकप के लिए तैयार होना चाहता हूं जहां आप को कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। जब आप विश्व कप जैसी प्रतियोगिता में खेलने के लिए जाते हैं तो सभी चीजों के जवाब आपके पास होने चाहिए।

## शेफाली शर्मा ने अपनी भूमिका के लिए मां से लिए टिप्स

पर्दे पर पहली बार मां की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री शेफाली शर्मा का कहना है कि उन्होंने संजोग में अपने किरदार को अच्छी तरह समझने में अपनी मां की मदद ली।



अभिनेत्री ने कहा, यह पहली बार है, जब मैं एक मां के किरदार को पर्दे पर चित्रित कर रही हूं। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने अपने पास मौजूद सभी दस्तावेजों को पढक़र और कई मां को देखकर इस भाग के लिए गहन शोध किया था।

उन्होंने आगे कहा, मेरे कार्यो से मेरी प्रतिक्रियाओं तक, जिस तरह से मैं खुद को ढोती हूं, मैं तारा (हेजल शाह) से कैसे बात करती हूं, मैं उसके साथ कैसा व्यवहार करती हूं, और इसी तरह, मैं हर पहलू को सही करना चाहती थी। इन बारीकियों को जानने के लिए, मैंने मेरी मां की मदद ली और मुझे नहीं लगता कि मेरी मां के अलावा कोई और मेरी मदद कर पाएगा।

शेफाली शर्मा को उम्मीद है कि दर्शक उनके ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व से जुड़ेंगे, मैंने हमेशा अपनी मां को एक सुपरमॉम के रूप में देखा है और इसलिए, वह पहली व्यक्ति थीं, जिनसे मैं शो के लिए कुछ टिप्स लेने के लिए पहुंची। मुझे उम्मीद है कि मैं न्याय कर पाऊंगी। अमृता के किरदार के लिए और दर्शकों को मेरा किरदार और शो पसंद है।

## शरवानंद और राशि खन्ना की नई फिल्म की शूटिंग हुई शुरु



तेलुगु लेखक और निर्देशक कृष्णा चैतन्य की अगली फिल्म की शूटिंग एक साधारण पूजा के साथ शुरू हुई। फिल्म में अभिनेता शारवानंद मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म, जो कि शारवानंद की 33वीं फिल्म है, को तेलुगु सिनेमा के सबसे सफल निर्माताओं में से एक टी. जी. विश्व प्रसाद के साथ विवेक कुचिभोटला फाइनेंस कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि अभी तक फिल्म का टाइटल तय नहीं हुआ है। यह एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा होगी। फिल्म की नियमित शूटिंग अक्टूबर से शुरू होनी है। कृष्णा चैतन्य की दमदार स्क्रिप्ट में शारवानंद को एक इंटेंस कैरेक्टर में दिखाया जाएगा। राशि खन्ना महिला प्रधान भूमिका निभाएंगी जबकि प्रियामणि फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। पूरा दिन उत्साह भरा रहेगा।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होने का योग है। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम सफल होगा। प्रेमी के लिये दिन बढिय़ा है आपको अपने साथी से कोई उपहार भी मिल सकता है। नौकरीपेशा वाले लोगों को अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

***कर्क :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा ना करें नहीं तो नुकसान हो सकता है। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप सबकी नजरों में अच्छे बने रहेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है।

***कन्या :*** आज आपका दिन आपके पक्ष में रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ विचार साझा करने पर रिश्तों में सकारात्मकता आयेगी।

***तुला :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपका ध्यान पुराने कार्य को पूरा करने में लगा रह सकता है। कार्यालय में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ सकता है।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे कम समय में ही पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। जीवन में लोगों का सहयोग बना रहेगा। सब कुछ आपके मन मुताबिक होगा।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। किसी समारोह में आपकी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आपके लिए बहुत खास साबित होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ पिकनिक आदि का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं उन्हें विवाह का प्रस्ताव मिलेगा। प्रेमी भी अपने साथी के बारे में घर पर बता सकते हैं।

***कुंभ :*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन बढिय़ा है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। अपना काम छोडक़र दूसरों की मदद करने का आपके मन में भाव आयेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिये शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये।

## मूंग दाल कचौड़ी

संडे को नाश्ते में कुछ स्पेशल बनाने की सोच रहे हैं, तो ट्राय करें मूंग-दाल कचौड़ी। इसे आप आलू की रसेदार सब्जी, टमाटर की चटनी या टमैटो सॉस किसी के भी साथ परोसें, मजेदार लगेगी।



### सामग्री :

**कचौरी की सामग्री-** 2 कप मैदा, स्वादानुसार नमक और अजवायन, 1/4 कप पानी, आवश्यकतानुसार घी/तेल

**भरावन की सामग्री-** 1/2 कप मूंग दाल आधे घंटे भीगी हुई, 1.15 टेबलस्पून ऑयल, 1 टीस्पून सौंफ, 1 टीस्पून जीरा, 1 टीस्पून सूखा धनिया दरदरा पिसा हुआ, 1/4 टीस्पून हींग, 3 टीस्पून बेसन, स्वादानुसार सफेद व काला नमक, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून अमचूर पाउडर, 1 टीस्पून भुना जीरा पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून कसूरी मेथी, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून चीनी पाउडर

### विधि :

- सबसे पहले मैदा में अजवायन, नमक, घी मिलाकर आटा गूंथ लें और उसे 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें। इसके बाद दाल को दरदरा पीस लें। अब पैन में ऑयल गरम करके उसमें हींग, दरदरा पिसा धनिया, सौंफ, जीरा और बेसन भूनें। अच्छी तरह भून जाने पर उसमें सफेद-काला नमक, हल्दी, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला और पिसी दाल मिलाकर 5 मिनट भूनें। आखिर में कसूरी मेथी और चीनी मिक्स करें। मिश्रण जब ठंडा हो जाए तो उसके छोटे-छोटे लड्डू बनाएं। इसके बाद मैदे को फिर से हल्का सा मसलकर छोटी-छोटी लोई बनाएं। प्रत्येक लोई को हल्का सा बेलें और उसमें एक लड्डू रखकर हाथों से फैलाएं। इसी तरह सारी कचौरियां बेलकर उन्हें गरम तेल में मीडियम आंच पर तलें।

## शब्द सामर्थ्य- 188

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 187 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 188

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.187 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |